0646CH28

अट्ठाईसवाँ पाठ

# गधा और सियार

( चित्रकथा 2 )





1. गधा और सियार में अच्छी मित्रता थी। वे दोनों एक साथ रहते, एक साथ भोजन की खोज में निकलते।



2. चाँदनी रात थी, दोनों भोजन की खोज में निकले।



3. वे ककड़ी के खेत के पास पहुँचे।



4. ककड़ी देखकर उनकी भूख और तेज हो गई। वे दोनों खेत के भीतर पहुँचे।

© NCERT not to be republished

**5.** पेट भर ककड़ी खाने के बाद दोनों खुश हुए। सियार साधारण खुशी को महत्त्व नहीं देता था, वह चुप रहा; लेकिन गधा चुप नहीं रह सका।




**6.** सियार ने गधे को समझाने की कोशिश की।




**7.**




गधे ने सियार की बात नहीं मानी। वह ज़ोर से गाने लगा।

**8.** किसान गधे की हेंचू-हेंचू आवाज सुनकर जाग गया।




© NCERT not to be republished

9. किसान लाठी लेकर दौड़ा आया।



10. सियार किसान को देखकर भाग खड़ा हुआ, लेकिन गधा पकड़ा गया।



11. किसान ने गधे की खूब पिटाई की।



© NCERT not to be republished













© NCERT not to be republished




जब गधे ने तर्क दिया तो मित्र की मूर्खता पर सियार को हँसी आ गई।




सियार की बातें गधे की समझ में आ गई।

© NCERT not to be republished




धैर्य से रहने और उचित समय को पहचानकर कार्य करने की बुद्धिमानी गधे ने कष्ट में पड़कर सीख ली।

## अभ्यास

**1. नीचे दिए गए कथन किसके हैं?**

1. अब गाना गाने का मन हो रहा है।
2. जो लोग खाने के बाद गाते नहीं, वे लोग अच्छे नहीं होते।
3. धैर्य के साथ रहकर उचित समय को पहचानने की बुद्धि तुझमें नहीं है।
4. खुशी को भोजन की तरह पचाना आवश्यक है।

**2. चित्रकथा के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो**

1. सियार ने गधे को गाना गाने से मना क्यों किया?
2. ककड़ी खाने के बाद गाना गाने की गलती गधे ने क्यों की?
3. गधे ने कष्ट में पड़कर सियार से कौन-सी बुद्धिमानी सीखी?

© NCERT not to be republished

